अचानक बढ़ा कर्मनाशा नदी का जलस्तर, 100 लोग फंसे

जासं, कैमूर : बिहार के कैमूर में करकटगढ़ जलप्रपात के पास पिकनिक मना रहे 100 से अधिक लोग रविवार को कर्मनाशा नदी में अचानक जलस्तर बढ़ जाने के कारण दूसरे छोर पर फंस गए। जलप्रपात का कुछ हिस्सा बिहार के कैमूर जिले के चैनपुर प्रखंड में तो कुछ हिस्सा उत्तर प्रदेश में पड़ता है। चैनपुर प्रखंड के अंचलाधिकारी पुलिस बचाव टीम के साथ लोगों को सुरक्षित निकालने की कोशिश कर रहे हैं।

रविवार होने की वजह से काफी संख्या में लोग पिकनिक मनाने के लिए कर्मनाशा नदी पार कर करकटगढ़ जलप्रपात पहुंचे थे। सुबह में कर्मनाशा नदी का जलस्तर काफी कम था, इस कारण लोग आसानी से पैदल ही उस पार उत्तर प्रदेश की सीमा में चले गए। परंतु दोपहर बाद अचानक नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया, जिससे उस पार गए 100 से अधिक पर्यटक फंस गए हैं। बताया गया कि यूपी के ओरवां टाड़ डैम से पानी डिस्चार्ज कर दिया गया था। इस कारण अचानक ही नदी का जलस्तर काफी तेजी से बढ़ गया। किसी तरह उस पार फंसे लोगों ने स्वजन व चैनपुर पुलिस को सूचना दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि फिलहाल कितने लोग फंसे हैं, इसका कोई निश्चित आंकड़ा नहीं है।